मात्स्यिकी महाविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (इम्फाल) में हिन्दी पखवाड़ा- 2017 का आयोजन

मात्स्यिकी महाविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (इम्फाल), लेम्बुछेड़ा, त्रिपुरा में दिनांक 1 से 14 सितम्बर 2017 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया । इस पखवाड़ा का शुभारंभ दिनांक 01-09-2017 **अपरान्ह 3.0** बजे रखा गया । हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री पवन कुमार प्रधानाचार्य, केंद्रीय विद्यालय, सी आर पी ऍफ़, ग्रुप सेंटर, त्रिपुरा को आमन्त्रित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफ रतनकुमार सहा प्रभारी अधिष्ठाता, मात्स्यिकी महाविद्यालय ने राजभाषा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों से हिंदी पखवाड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आह्वान किया । इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मंच पर आसीन प्रोफ जयराम धांजे ने हिंदी भाषा को एक संपर्क भाषा बताया। महाविद्यालय के हिंदी प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. अनिल दत्त उपाध्याय ने सभागार में उपस्थित सभी लोगो का अभिवादन किया और हिंदी पखवाड़ा में मनाये जाने वाले प्रतियोगी और गैर प्रतियोगी प्रतिस्पर्धाओ का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने ने प्रतियोगिताओ के नियम एवं पुरस्कार राशि की भी चर्चा की। उद्घाटन के दौरान विद्यार्थीयो एवं कर्मचारियों के लिए श्रुतिलेख प्रतियोगिता आयोजित की गयी । उद्घाटन के अंत में डॉ. नरेश मेहता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

हिन्दी पखवाड़ा-2017 कुछ झलकिया

हिन्दी पखवाड़ा के सुभारंभ हेतु दीप प्रज्वलन

प्रो. रतनकुमार सहा, प्रभारी अधिष्ठाता, उद्घाटन समारोह में सबका अभिवादन करते हुए

मुख्य अतिथि श्री पवन कुमार, प्रधानाचार्य, सभा को सम्बोधित करते हुए

श्रुतिलेख प्रतियोगिता

हिंन्दी पाठन प्रतियोगिता

इस **हिन्दी पखवाड़ा-2017** में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । कार्यक्रमों का विवरण निम्नरूप है :

क्र स॰	विषय	तिथि एवं समय
1.	श्रुतिलेख प्रतियोगिता	01-09-17 (3.0-4.30 PM)
2	हिंन्दी पाठन प्रतियोगिता	04-09-17(3.0-4.30 PM)
3	कार्यालय आदेश/ परिपत्र का हिंन्दी अनुवाद प्रतियोगिता	06-09-17(3.0-4.30 PM)
4	स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता	07-09-17(3.0-4.30 PM)
5	हिंन्दी मे तकनिकी कार्यशाशला	08-09-17(3.0-4.30 PM)
6	बच्चो के लिए सुलेख प्रतियोगिता	10-09-17(3.0-4.30 PM)
7	प्रार्थनापत्र लेखन प्रतियोगिता	11-09-17(3.0-4.30 PM)
8	कार्यालय उपयोगी शब्द लेखन प्रतियोगिता	12-09-17(3.0-4.30 PM)
9	कार्यालय प्रपत्रों का हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता	13-09-17(11.12.30 PM)
10	हिंदी में वाद-विवाद प्रतियोगिता	13-09-17(2.0-3.0)PM
11	अन्त्याक्छरी प्रतियोगिता	13-09-17(3.0-4.30)PM
12	हिंदी पखवाड़ा समापन	14-09-17 (2.30-4.30 PM)

कार्यक्रमों में इस महाविद्यालय के कर्मचारी एवं विद्यार्थीयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । जो भी कर्मचारी हिन्दी प्रशिक्षण जैसे - प्रबोध / प्रबीण / प्रज्ञा के लिए इस महाविद्यालय द्वारा नामित हुए थे वे भी शतप्रतिशत इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया ।

प्रार्थनापत्र लेखन प्रतियोगिता

अंताक्षरी प्रतियोगिता

कार्यालय उपयोगी शब्द लेखन प्रतियोगिता	**सुलेख प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चें**

14.09.2017 को हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि प्रो. महेश कुमार सिंह, त्रिपुरा विश्वविद्यालय का पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अनिल दत्त उपाध्याय प्रभारी हिंदी प्रकोष्ठ के स्वागत भाषण एवं उनके द्वारा हिंदी पखवाड़ा में आयोजित कार्यक्रमों पर प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण से हुआ । पखवाड़ा में आयोजित कुल ९ प्रतियोगिताओ के लिए तीन - तीन नकद पुरस्कार जिसमें प्रथम पुरस्कार रू.1000/- द्वितीय पुरस्कार रू.750/- तथा तृतीय पुरस्कार रू.500/- दिया गया । कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. महेश कुमार सिंह, ने महाविद्यालय में राजभाषा इकाई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और हिंदी दिवस के अनुपालन संबंधी पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने संस्थान के कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के उत्साहपूर्ण भागिदारी की सराहना की । हिंदी पखवाड़ा २०१७ का समापन समारोह का प्रेसिडेंटिअल एड्रेस डॉ प्रमोद कुमार पांडेय अधिष्ठाता मात्स्यकी महाविद्यालय द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. नरेश कुमार मेहता, के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

समापन समारोह

पुरस्कार समारोह

पुरस्कार लेते हुए छात्रा

पुरस्कार लेते हुए बच्चे

पखवाड़ा समापन समारोह 14-9-2017